उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

शान्तिपुरम (सेक्टर–एफ), फाफामऊ

प्रयागराज – 211021

प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

फोन न. –7525048048

ओ.यू./क्षे.से.प्र./265/2026 दिनांक–23–04–2026

सेवा में,

प्राचार्य/समन्वयक
समस्त अध्ययन केन्द्र
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
प्रयागराज

विषय : विश्विविद्यालय अध्ययन केन्द्रों को नवीन व्यवस्थानुसार पाठ्यक्रम संचालन व्यय का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय के पत्रांक ओ.यू./ई.सी/(38–138)/269/2025, दिनांक : 09/05/2025 द्वारा प्राप्त आदेश के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025–26 से विश्विद्यालय के अध्ययन केन्द्रों को नवीन व्यवस्थानुसार पाठ्यक्रम संचालन व्यय का भुगतान किये जाने के क्रम में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है –

1. अध्ययन केन्द्रों को काउन्सलिंग, प्रक्रियात्मक शुल्क एवं अध्ययन केन्द्र मानदेय के स्थान पर प्रति विद्यार्थी ट्यूशन शुल्क का 20 प्रतिशत एक मुश्त भुगतान किया जायेगा।
2. पाठ्यक्रमों के ट्यूशन शुल्क के आगणन में बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम सम्मलित नहीं होगा।
3. अध्ययन केन्द्रों को भुगतान किये जाने वाली धनराशि में से पूर्व नियमानुसार 03 प्रतिशत धनराशि शिक्षक, कर्मचारी कल्याण कोष की कटौती की जायेगी।

उपरोक्त व्यवस्थानुसार शैक्षणिक सत्र 2025–26 के सापेक्ष अध्ययन केन्द्रों को उक्त धनराशि प्रेषित की जा रही है/की जानी है। उक्त प्रेषण हेतु आपसे संलग्न प्रारूप के अनुसार अद्यतन सूचनाओं एवं बैंक खाते का विवरण आगामी तीन कार्य दिवसों में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा है, जिससे धनराशि का प्रेषण सीधे बैंक खाते में सुनिश्चित किया जा सके। सूचनाओं के तीव्र, त्रुटी रहित एवं समयबद्ध प्रेषण हेतु गूगल फार्म की संरचना की गई है, जिसका लिंक निम्नवत् है :–

https://forms.gle/3XPurmkhLSc7TaCa8

उक्त अवधि में यदि आपके द्वारा वांछित सूचनाएँ उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं तो इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

संलग्नक : सूचना प्रेषण हेतु प्रारूप।

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

पृ. संख्याः ओ.यू./प.प्र./265(1)/2026 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. समर्थ नोडल प्रभारी को वेबसाइट पोर्टल तथा अध्ययन केन्द्र लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
4. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

गुगल फार्म प्रारूप

कम संख्या	विवरण	विवरण अध्ययन केन्द्र द्वारा गुगल फार्म में पूरित किया जाना है।
1	अध्ययन केन्द्र कोड	
2	अध्ययन केन्द्र का नाम	
3	प्राचार्य का नाम	
4	समन्वयक का नाम	
5	खाताधारक का नाम	
6	खाता संख्या	
7	आई0एफ0एस0सी0 कोड	
8	बैक का नाम	
9	शाखा का नाम व पता	
10	ई मेल आई डी	
11	मोबाईल नम्बर	
12	पत्राचार का पता पिन कोड सहित	

कैन्सिल चेक की छाया प्रति प्रारूप के साथ संलग्न कर अपलोड करने का कष्ट करें।

23/04/2026

प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ